कार्यालय – सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल

पत्रांक – उ0वि0शि0प0 / सन्निरीक्षा / 55-57 / 2022–23 दिनांक : 06 जून 2022

विज्ञप्ति / सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को अवगत कराया जाता है कि परीक्षाफल घोषणा के उपरान्त यदि कोई परीक्षार्थी अपने किसी विषय / प्रश्न–पत्र की उत्तरपुस्तिका की सन्निरीक्षा कराना चाहते हैं तो वे सन्निरीक्षा शुल्क रुपया 100=00 प्रति प्रश्नपत्र की दर से कोष–पत्र (चालान) के माध्यम से उत्तराखण्ड के किसी भी राजकोष / भारतीय स्टेट बैंक में सुसंगत लेखाशीर्षक "0202 –शिक्षा ,खेल, कला और संस्कृति, 01 –सामान्य शिक्षा ,102 –माध्यमिक शिक्षा ,02 –बोर्ड की परीक्षाओं का शुल्क के खाते में जमा कर कोष –पत्र (चालान) की मूल प्रति एवं अंक पत्र की छाया प्रति **(इण्टरनेट प्रति भी मान्य)** सहित अपना सन्निरीक्षा आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय में प्रेषित करें। सन्निरीक्षा आवेदन –पत्र समस्त संलग्नकों सहित परीक्षाफल परिणाम घोषित होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर परिषद् कार्यालय में पहुँचाना अनिवार्य हैं । निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त सन्निरीक्षा आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। सन्निरीक्षा आवेदन पत्र सम्बन्धित विद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सन्निरीक्षा आवेदन पत्र एवं निर्देश परिषद् कार्यालय की वेबसाइट**(www. ubse.uk.gov.in)** से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

जिन परीक्षार्थियों को अपनी वर्ष 2022 की परीक्षा की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की छाया प्रति प्राप्त करनी हो वे निर्धारित शुल्क रूपया 400=00 (रूपया चार सौ) प्रति प्रश्नपत्र की दर से उपरोक्तानुसार सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर कोष –पत्र (चालान) की मूल प्रति , अंक पत्र की छाया प्रति **(इण्टरनेट प्रति भी मान्य)** एवं आधार कार्ड की छायाप्रति (स्वप्रमाणित) सहित अपना आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय में प्रेषित कर मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की छाया प्रति प्राप्त कर सकते हैं। उक्त से सम्बन्धित आवेदन पत्र एवं निर्देश परिषद् की वेबसाइट **(www. ubse.uk.gov.in)** पर उपलब्ध है।

भवदीय
06/06/2022

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)